# मनमाना किराया वसूलने पर कार्रवाई के निर्देश

कोलकाता, 13 अप्रैल (जनसत्ता)।

निजी बस और मिनी बस वाले राज्य सरकार की ओर से तय किए गए किराए से अधिक किराया नहीं ले सकेंगे। सरकार की ओर से घोषित किराए की सूची (चार्ट) सभी बसों में रखनी होगी। यात्रियों से अधिक किराया लेने पर संबंधित बस या मिनी बस के खिलाफ राज्य परिवहन विभाग को सख्त कार्रवाई करनी होगी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस बारे में निर्देश दिया है।

राज्य परिवहन विभाग के मुताबिक, 2018 के बाद राज्य सरकार ने बस और मिनी बस के किराए की कोई सूची या चार्ज जारी नहीं किया गया है। इसलिए अदालत के निर्देश के बाद पांच साल पुराना किराया ही बहाल रहेगा। सभी बस वालों को बस में चार्ट लगा कर रखना होगा। बस चार्ट में न्यूनतम किराया 7 रुपए है, जबकि राज्य में सभी जगह निजी



**सरकार से घोषित सूची बस में लगानी होगी।**

बस और मिनी बस वाले न्यूनतम किराया 10 रुपए ले रहे हैं। इसी तरह प्रत्येक चरण में चार से लेकर पांच रुपए तक किराए में वृद्धि की गई है।

मालूम हो कि कोरोना काल के दौरान परिवहन सेवा ठप रहने और बाद में चालू होने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के बाद जब राज्य सरकार ने किराया वृद्धि से इनकार कर दिया, तब बस मालिकों ने खुद ही किराया बढ़ा दिया। बस मालिकों की ओर से चेतावनी दी जाती है कि अगर राज्य सरकार ने किराया नहीं बढ़ाया या उन पर जोर-जबरदस्ती की तो वे बस सेवा बंद कर देंगे। महानगर समेत राज्य की परिवहन सेवा निजी बस और मिनी बस चालकों पर निर्भर होने के कारण राज्य सरकार बस मालिकों के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई से बचती रही है।

कलकत्ता हाईकोर्ट में कार्यवाहक चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम और न्यायधीश हिरन्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ की ओर से बस किराए के बारे में जारी निर्देश में कहा गया है कि सरकार की ओर से तय किए गए किराए से अधिक किराया बस मालिक नहीं ले सकेंगे। आगामी चार हफ्ते के भीतर सभी बस और मिनी बसों में किराए का चार्ट लगाना होगा। इसके अलावा बस यात्रियों की ओर से शिकायत करने के लिए इलाके के आधार पर टोल फ्री फोन नंबर सभी बस के भीतर और बाहर लिख कर रखना होगा।

# छापाखाने में आग से पिता-पुत्र जिंदा जले

## पूर्वी कोलकाता के तिलजला इलाके में हादसा, एक गंभीर

कोलकाता, 13 अप्रैल (जनसत्ता)।

महानगर में भीषण आग की चपेट में आने के कारण बाप-बेटे की मौत हो गई, जबकि एक बेटा बुरी तरह से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रिंटिंग कारखाने में भीषण आग लगने के कारण आग की चपेट में आने से पिता व बेटे की मौत हो गई। जबकि इस दुर्घटना में घायल एक बेटा इस समय गंभीर हालत में चितरंजन नेशनल मेडिकल कालेज में भर्ती है।

पुलिस ने बताया कि पूर्वी कोलकाता के तिलजला इलाके में यह अग्निकांड हुआ। मालूम हो कि तपसिया रोड स्थित उस कारखाने में जूतों पर छपाई का काम होता है। आग गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे लगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक उस कारखाने में काफी समय से प्रिंटिंग का काम चल रहा था। इस हादसे मारे गए लोगों की पहचान मोहम्मद जसीम और उसके बेटे मोहम्मद आमिर के रुप में हुई है। जसीम और उसके बेटे बुधवार देर रात तक काम करने के बाद कारखाने के अंदर ही सो गए। गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगों ने देखा कि कारखाने के सामने ग्राउंड फ्लोर से धुआं निकल रहा था। कारखाने के अंदर आग लगी हुई देख वे लोग आग बुझाने में लग गए। जसीम के 15 वर्षीय बेटे को किसी तरह बचा लिया गया। उसके हाथ-पैर जले हुए हैं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन जसीम और उसके बड़े बेटे आमिर को फैक्ट्री से बाहर नहीं निकाला जा सका। यह एक प्रिंटिंग प्रेस था, इसलिए बड़ी मात्रा में रसायन अंदर जमा थे। नतीजतन आग अंदर फैल गई।

संकरा इलाका होने के कारण आग के तेजी से बाहर फैलने की आशंका थी। स्थानीय लोगों और दमकलकर्मियों की कोशिश से ऐसा नहीं हो पाया। हालांकि स्थानीय लोगों का दावा है कि दमकल विभाग को इसकी सूचना काफी पहले दे दी गई थी, लेकिन वे मौके पर काफी देर से पहुंचे। हालांकि दमकल विभाग के मुताबिक, संकरे इलाके में फैक्ट्री होने के कारण वहां तक पहुंचने के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

# गंगा घाटों पर गंदगी का अंबार

## स्वच्छता और नमामि गंगे योजना के प्रयास नाकाफी

कोलकाता, 13 अप्रैल (जनसत्ता)।

तमाम दावों के बावजूद गंगा नदी के घाटों पर साफ-सफाई की स्थिति बदतर है। सील घाट, छोटेलाल घाट, आर्मेनियम घाट आदि जगहों पर कचरे के ढेर वहां की दुर्दशा स्वयं बयां कर रहे हैं। कूड़े के अंबार से पटे गंगा घाट सफाई के प्रति लोगों की उदासीनता को उजागर कर रहे हैं। छोटेलाल घाट पर नियमित स्नान करने आने वाले गजेंद्र शास्त्री ने बताया कि प्रत्यक्ष प्रमाण दे रहे है कि घाटों पर स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयासों के दावे नाकाफी हैं और यह केवल छोटेलाल घाट, शील घाट, अहिरिटोला घाट की नही बल्कि लगभग सभी घाट की स्थिति है। एक स्थानीय युवक ने बताया कि मकर संक्रांति, छठ पर्व जैसे कुछ विशेष पर्व को छोड़ दिया जाए तो यहां कोई सुध लेने वाला नहीं है। उसने बताया कि कभी कभार कोई स्वयं सेवी संस्था द्वारा अभियान के तहत कुछ लोग आकर सफाई करते भी हैं तो दूसरे दिन वापस वही स्थिति हो जाती है।

नदी को स्वच्छ बनाने के लिए केंद्र सरकार ने नमामि गंगे योजना चला रखी है। इसके तहत बंगाल में राज्य सरकार के जरिए हर रोज शहरों की लाखों लीटर (एमएलडी) गंदगी गंगा में गिराने से रोकने के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। केंद्र ने धन भी जारी किया है, लेकिन नमामि गंगे, पश्चिम बंगाल के सह संयोजक गोपाल सरकार का आरोप है कि बंगाल सरकार उक्त योजना का काम कछुए की चाल से भी धीमी गति से कर रही है।

गोपाल ने बताया कि राज्य सरकार इस योजना के प्रति उदासीन है। राज्य कछुए की चाल से भी धीमी गति से काम कर रहा है। केंद्र ने शहरों की गंदगी साफ करने के लिए बंगाल के विभिन्न स्थानों पर 21 एसटपी प्लांट स्थापित किए, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक किसी को भी शुरू नहीं किया। इनके संचालन करने की जिम्मेदारी नगर निगम और स्थानीय निकायों की है।

गोपाल ने बताया कि राज्य सरकार की उदासीनता के कारण अभी भी हर रोज लाखों लीटर बंगाल के शहरों की गंदगी गंगा में बहाई जा रही है। सिर्फ आदि गंगा से हर रोज 284 लाख लीटर कचरा गंगा नदी में गिर रहा है। नतीजा गंगा निर्मल होने के बजाए और मैली होती जा रही है।

# आज कम चलेंगी मेट्रो



कोलकाता, 13 अप्रैल (जनसत्ता)।

डाक्टर बीआर आंबेडकर जयंती के कारण 14 अप्रैल को छुट्टी होने के कारण सामान्य दिनों के मुकाबले कम ट्रेनें चलाई जाएंगी। मेट्रो रेलवे की ओर से जारी बयान में बताया गया कि 117 अप और 117 डाउन समेत कुल मिलाकर 234 ट्रेनें चलाई जाएंगी। हालांकि दमदम, कवि सुभाष, दक्षिणेश्वर से पहली और अंतिम ट्रेन चलने के समय में किसी तरह का फेरबदल नहीं किया गया है और सामान्य दिनों की तरह पहली और आखरी ट्रेन सभी स्टेशनों से रवाना होगी।

हालांकि ग्रीन लाइन (ईस्ट वेस्ट) और पर्पल लाइन (जोका-तारातला) में मेट्रो सेवा सामान्य दिनों की तरह ही चलेगी।

# 'भर्ती घोटाले की जांच कर रहे अधिकारियों के खिलाफ बिना अनुमति के प्राथमिकी दर्ज न की जाए'

कोलकाता, 13 अप्रैल (भाषा)।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितताओं की जांच कर रहे ईडी और सीबीआई के अधिकारियों के खिलाफ उसकी अनुमति के बिना कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती।

मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी कुंतल घोष ने हाल में आरोप लगाया था कि जांचकर्ता उस पर तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी का नाम लेने का दबाव बना रहे हैं। भर्ती घोटाले से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने निर्देश दिया कि अदालत की अनुमति के बिना प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के जांच अधिकारियों के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि घोष की ओर से निचली अदालत को भेजा गया वह पत्र उन्हें प्रभावित करने का उन आरोपी का एक प्रयास है, जिसमें भर्ती घोटाले में कथित तौर पर एक एजेंट की भूमिका निभाने वाले घोष ने लिखा था कि जांचकर्ता उसपर टीएमसी नेता का नाम लेने का दबाव बना रहे हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास भट्टाचार्य ने अदालत से अपील की पत्र की फोरेंसिक जांच का आदेश दिया जाना चाहिए।

# राज्यपाल ने किया प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय का दौरा

कोलकाता, 13 अप्रैल (भाषा)।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस गुरुवार को यहां प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय गए और वहां के शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की।

बोस का इस सप्ताह किसी सरकारी विश्वविद्यालय का यह तीसरा दौरा है। राज्यपाल सभी राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि दोपहर में बोस के प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय में प्रवेश करते ही 'स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया' (एसएफआइ) के सदस्यों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर राज्यपाल थोड़ी देर के लिए रुक गए लेकिन छात्रों ने अपना विरोध जारी रखा। हालांकि इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

बोस कुलपति अनुराधा लोहिया के कक्ष में गए लेकिन छात्रों से वादा किया कि वे बाद में उनसे मिलेंगे और उनके विचार सुनेंगे। विश्वविद्यालय के अधिकारी ने बताया कि लोहिया के साथ बैठक के दौरान दोनों ने विश्वविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं, आगामी परियोजनाओं, शैक्षणिक माहौल और इसकी वित्तीय स्थिति पर चर्चा की।

# पंचायत चुनाव के लिए बैठक 26 अप्रैल को

कोलकाता, 13 अप्रैल (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पंचायत चुनाव को लेकर आगामी 26 अप्रैल को महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी विभाग, डायरेक्टरेट और राज्य के संबंधित संस्थाओं के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों से लेकर प्रधान सचिव स्तर के सभी उच्चाधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से लोगों तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाने के लिए दुआरे सरकार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# कई जिलों में चल सकती है लू : मौसम विभाग

कोलकाता, 13 अप्रैल (जनसत्ता)।

महानगर कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। गुरुवार को मौसम विभाग की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि राजधानी कोलकाता में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस है, जोकि सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान भी 26.8 डिग्री सेल्सियस है। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण चौबीस परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर समेत राज्य के अन्य हिस्सों में तापमान 27 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

इसकी वजह से भीषण गर्मी लग रही है। सुबह होते ही धूप काफी तेज खिल रही है। इसके अलावा आसमान में हल्के बादल छाए रहने की वजह से गर्म हवाएं भी ऊपर नहीं उठ पा रहीं, जिसके कारण उमस भरी गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में लू चलने की सतर्कता जारी की है, इनमें राजधानी कोलकाता के साथ हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण चौबीस परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर के जिले शामिल हैं। इनमें सारा दिन लू चलने की आशंका है।

**कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण चौबीस परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर समेत राज्य के अन्य हिस्सों में तापमान 27 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।**

# भाजपा के साथ तालमेल से माकपा का इनकार

कोलकाता, 13 अप्रैल (जनसत्ता)।

माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने आगामी पंचायत चुनावों में पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ भाजपा के साथ किसी भी तरह की प्रत्यक्ष या परोक्ष सहमति से स्पष्ट रूप से इनकार किया।

तृणमूल के खिलाफ इस तरह की एक गुप्त धारणा राज्य के राजनीतिक गलियारों में मुख्य रूप से विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा गढ़ी गई ममता को वोट नहीं नारे के कारण हाल ही में चर्चा का विषय रही थी।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष और प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार जैसे अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के हाल के बयानों पर विपक्ष की एक गुप्त धारणा भी सामने आई है, जिसमें आगामी नागरिक निकाय चुनाव के लिए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ लोगों के एकजुट विरोध का आ''न किया गया है।

येचुरी ने कहा कि हमारा रुख स्पष्ट है कि हम पूरे देश में भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं। अब वे जो कुछ भी कह रहे हैं, वह उनकी जिम्मेदारी है। वे लोगों को गुमराह करने के लिए बहुत कुछ कहेंगे। इसलिए, हमारी ओर से भाजपा के साथ कोई समझ रखने का कोई सवाल ही नहीं है। वह आगामी पंचायत चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा और पार्टी की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए कोलकाता में थे।

# सुंदरवन में सिर्फ 10 फीसद बाघ बढ़ने की संभावना

कोलकाता, 13 अप्रैल (जनसत्ता)।

राज्य के सुंदरवन में रायल बंगाल टाइगर की आबादी अपनी क्षमता के करीब पहुंचने के दावे के साथ ही वन्य-जीव वैज्ञानिक इनकी संख्या में मामूली वृद्धि की संभावना जता रहे हैं। राज्य के वन विभाग के प्रमुख सौमित्र दासगुप्ता ने बताया कि मैंग्रोव डेल्टा में बाघों की संख्या परिदृश्य की क्षमता के अनुरूप है। इस विशेष परिदृश्य में और अधिक बाघ नहीं हो सकते हैं। सुंदरवन में और 10 फीसद बाघों की संख्या बढ़ने की उम्मीद की जा सकती है। इसके बाद सुंदरवन में रायल बंगाल टाइगर की आबादी नहीं बढ़ेगी। प्रकृति के पास चीजों को संतुलित करने का अपना एक तरीका है।

राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन देबल राय ने कहा कि मैं भी एक वर्ग के जीव वैज्ञानिकों के इस विचार से सहमत हूं कि सुंदरवन में बाघों की संख्या परिपूर्णता बिंदु के करीब पहुंच गया है, लेकिन अभी भी वहां कुछ और बाघों के लिए जगह है। निरंतर आवास विकास और शिकार के आधार बढ़ाकर उसी इलाके में मांसाहारी पशुओं की एक बड़ी संख्या को समायोजित किया जा सकता है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : ई-निविदा/2023/16,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। **निविदा सं.: ई-केजीपी-ईस्ट-16-2023, कार्य का विवरण:** निम्नलिखित कार्य का निष्पादन (i) भोगपुर-पांशकुड़ा: ब्रिज नं. 67 डाउन एवं एमआईडी के वर्तमान स्टील गर्डर (सिंगल स्पैन) का आरसीसी बॉक्स ब्रिज (मल्टीपल बॉक्स) में रूपांतरण। (ii) पांशकुड़ा-बालीचक: ब्रिज नं. 87 अप एवं एमआईडी के पियर (ब्रिक) की आरसीसी जैकेटिंग और ब्रिज नं. 92 के बॉक्स ब्रिज पोर्शन के पियर और आरसीसी वॉल की क्षतिग्रस्त/प्रभावित बाहरी सतहों की सुरक्षा। **निविदा मूल्य:** रु. 6,34,58,141.32, **बयाना राशि:** रु. 4,67,300/- **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0, **खुलने की तिथि:** दिनांक 04.05.2023, **कार्य की समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 20.04.2023 से 04.05.2023 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-46)

**Tender Notice**

**West Bengal Police Housing & Infrastructure Development Corpn Ltd having its office at 3rd floor, Araksha Bhawan, Block - DJ, Sector II, Salt Lake, Kolkata - 91 is inviting open tender from experienced agency for works of A) WBPHIDCL/EE-(HQ-I)/NIT-3(e)/2023-2024 (1st Call) SI No 1 to 3, i)** Emergent and Routine maintenance of Civil works (All Buildings, S&P and Tank cleaning) for different buildings under DC East Division & Tollygunje IPS quarter opposite to Telecom Headquarter from 11.05.2023 to 31.03.2024. **Estimated Amount put to Tender Rs. 13,87,709/-, Tender Id: 2023_WBSPH_511263_1, ii)** Emergent and Routine maintenance of Civil works (All buildings and S&P) for different buildings of East Police Station, North Police Station, Electronic Complex Police Station, Lake town Police Station, Baguiati Police Station & Airport Police Station under Bidhannagar Police Commissionerate from 11.05.2023 to 31.03.2024. **Estimated Amount put to Tender Rs. 14,29,200/-, Tender Id: 2023_WBSPH_511263_2, iii)** Emergent and Routine maintenance of Civil works (All Buildings, S&P and Tank cleaning) for different buildings Of 1.Nowadapara PHE 2. Shantineer PHE 3. 4th Bn PHE 'AF' Block, Sector-1, Salt Lake 4. Belghoria PHE 5. HC Block PHE at 'HC' Block, Sector-III, Salt Lake 6. 20, Dum Dum Rd Ins/SI/Sgt Qtr of Kolkata Police under Bidhannagar, North 24 Parganas from 11.05.2023 to 31.03.2024. **Estimated Amount put to Tender Rs. 14,09,164/-, Tender Id: 2023_WBSPH_511263_3, Last date & time of submission of bids online is 29.04.2023 at 16.00 PM. For further details please visit www.wbtenders.gov.in**

**BASIRHAT MUNICIPALITY**
**BASIRHAT, NORTH 24 PARGANAS**

**NIeT No.: WBMAD/BASIR/E-12 of 2022-23 (2nd Call)**
Online Tender has been invited from bonafide agencies for Engagement of Manpower Agency for providing different categories of personnel at the Health Department of Basirhat Municipality under various Schemes.

**NIeT No.: WBMAD/BASIR/E-11 of 2022-23 (2nd Call)**
Online tender has been invited from bonafide agencies for Feeding of WTP by lifting Raw Wter from Water Bodies (Ponds/ Dighi) within Basirhat Municipality.
e-Tender Start Date : 14.04.2023 at 9.00 and Closing Date: 04-05-2023 at 6.00 PM. For more information, visit : **www.wbtenders.gov.in** and **www.basirhatmunicipality.in**
Sd/- Chairperson, Basirhat Municipality

**e-Tender Notice**

Hooghly Zilla R.M.C. invites e-Tender vide N.I.T. No. 03/HZRMC/2023-2024 (Sl No. 1 Sl No. 2) & 04/HZRMC/2023-2024 Dated 13.04.2023. Last date of submission of Bid- 26.04.2023 up to 1 P.M. The details of the e- Tenders are available on the website **https://www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
**Secretary,**
**Hooghly Zilla R.M.C**

**JHARGRAM MUNICIPALITY**
**Sadhu Ramchand Murmu Sarani**
**Bachurdoba :: Jhargram**
**Ph:- 03221-255098**
**Email :: Jhargram.municipality@gmail.com**

**Abridge of e-Tender Notice**

**Tender No_WBMAD/JM/NIT-21(e)2nd Call/2022-23**
**Tender ID: 2023_MAD_511802_1**
**Memo No- 897/4PW-15** **Date:-13/04/2023**

eTenders are being invited by the undersigned for the work, Construction of service road and allied R.C.C. Drain on both side of ROB at the northern side of Railway line (Near Municipal office Building) Including dismantling of old Drain at ward no- 07, within Jhargram Municipality. Detail of work may be seen at the office Notice Board, D.M. Office, S.D.O. Office and eTender Portal of Govt. of West Bengal. Last Date of Online submission of Bid- 06/05/2023 up to 4.00 P.M.

**TOSHA INTERNATIONAL LIMITED**
**CIN:L32101DL1988PLC119284;**
**Regd. Office** : E-34 Second Floor, Connaught Circus, New Delhi 110001;
**Tel No.** : +91 9266673204/05/06, +91-11-42670495; **Email** : toshainternational@yahoo.com;
**Website** : www.toshainternational.com;

**NOTICE**

Notice is hereby given to all the public shareholders of Tosha International Limited ("**Company**") that the Company has initiated the process of voluntary delisting of its equity shares from the Calcutta Stock Exchange Limited i.e., the only Stock Exchange where the equity shares of the Company are listed. The delisting proposal has been approved by the shareholders through postal ballot and remote e-voting results of which were declared on 15.07.2022. The Promoter Acquirer has given a Delisting Offer at the Floor Price of Rs. 3/- (Rupees Three Only) for each fully paid-up equity share and Rs. 1.50 (Rupee One and Fifty Paise Only) for each partly paid-up equity share for providing an exit opportunity to all the public shareholders. Thus, the public shareholders of the Company are hereby requested to kindly update their address, contact details and email IDs with the Company/ Skyline Financial Services Private Limited ("**Registrar**" of the Company) within thirty days from the date of this notice, i.e., latest by 13.05.2023 to facilitate them to take steps for effective participation of public shareholders in the Delisting Offer.

We would also like to bring to the notice of the public shareholders that the Securities and Exchange Board of India vide its circular no. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/144 dated July 31, 2020 has clarified that shareholders holding equity shares in physical form are now also allowed to tender their equity shares in the Delisting Offer. Otherwise, public shareholders holding their shares in physical mode will not be able to transfer them unless they get their shares dematerialized.

Shareholders are also requested to kindly refer to SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD-1/P/CIR/2023/37 dated March 16, 2023 towards the common and simplified norms for processing investor's service request by RTAs and norms for furnishing PAN, KYC details and Nomination.

The shareholders can contact the below mentioned personnel for their queries:

| Tosha International Limited | Skyline Financial Services Private Limited |
|---|---|
| Akshat (Company Secretary & Compliance Officer) | (Mr. Anuj Kumar) |
| Tel No.: +91 9266673204/05/06, +91-11-42670495 | Tel No.: 011-26812682-83, 40450193 to 97 |
| Email Id: toshainternational@yahoo.com; | Email id : ipo@skylinert.com; |

For **Tosha International Limited**
Sd/-
Akshat
Company Secretary
Mem No.: A45376

Place: New Delhi
Date: 13.04.2023

**दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार**
कार्यालय: एसीई (डीआर) परियोजना-111
द्वारा कार्यपालक अभियंता (सी) डीआर-VIII, यमुना विहार, सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट
(डा. अम्बेडकर कॉलेज के समीप) दिल्ली-110094
फोन. नं. 011-22813593, ईमेल : eecdr8@gmail.com

प्रेस एन.आई.टी. सं. 01 (2023-24)

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित अनुबंध मूल्य (ईसीबी) निविदा राशि (रु.) | धरोहर राशि ईएमडी (रु.) | निविदा प्रॉसेसिंग शुल्क अप्रतिदेय (रु.) | निविदा जारी की तिथि निविदा आईडी | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 7 एमजीडी एसटीपी सोनिया विहार से 25 एमजीडी एसटीपी यमुना विहार तक 150 एमएम डाया स्लुज लाइन का प्रावधान/बिछाना/जोड़ना | 64722822/- | रु. 1295000/- | 1500/- | 2023_DJB_239632_1 तिथि : 13.4.2023 | 28.04.2023 के 3.00 बजे अप. तक |

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाईट **https://govtprocurement.delhi.gov.in** पर देखें।
पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 11 (2023-24)

हस्ता/-
आर.के. जैन
कार्यपालक अभियंता (सी) डीआर-VIII

"कोरोना रोकें; मास्क पहनें, शारीरिक दूरी का पालन करें; हाथों को स्वच्छ रखें"